# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

| बुधवार, तिथि | 06 श्रावण, 1943 (श०) / 28 जुलाई, 2021 (ई०) |
|---|---|

प्रश्नों की कुल संख्या 190

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 74 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 37 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 13 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 42 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 13 |
| (6) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 09 |
| | | | कुल योग -- | 190 |

Optimized by www.ImageOptimizer.net

## नाला का पक्कीकरण

*115. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ विधान सभा स्थित बादशाही नाला कच्ची है जिसमें प्रत्येक वर्ष भारी वर्षा और पानी के बहाव से मिट्टी भर जाता है, जिसकी उड़ाही कराने में राजस्व की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बादशाही नाला के दोनों तरफ पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ का चौड़ीकरण कराना

*116. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर के बिन्देश्वर स्थान एन0 एच0 57 से रेलवे स्टेशन लंगरा चौक, राम चौक होते हुये मोहना एन0 एच0 57 तक जानेवाली पथ निर्माण विभाग की सड़क 11.70 किलो मीटर में से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 6.60 किलो मीटर अधिसूचित करने के उपरान्त बचे हुये शेष भाग 5.10 किलो मीटर को चौड़ीकरण नहीं किये जाने से गाड़ियों एवं आमजनों के आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि झंझारपुर आवागमन में यह पथ दो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ती है एवं अनुमंडल कार्यालय, न्यायालय, अस्पताल, पुलिस कार्यालय, हाट-बाजार एवं मेडिकल कॉलेज आदि इसी पथ पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैथिनियाँ रेलवे गुमटी से लंगरा चौक, राम चौक होते हुये मोहना चौक एन0 एच0 57 तक जानेवाली शेष पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि राष्ट्रीय उच्च पथ अधिसूचित होने के उपरान्त मधुबनी जिलान्तर्गत बिन्देश्वर स्थान से झंझारपुर-रामपुर चौक-मोहन पथ कुल लम्बाई 11.70 किलो मीटर में से 6.60 किलो मीटर पथांश रा0उ0प0 उप-भाग को विभाग से दिनांक 23 सितम्बर, 2020 को हस्तांतरित कर दिया गया है। शेष पथांश 5.10 किलो मीटर कैथिनियाँ रेलवे गुमटी से लंगड़ा चौक, राम चौक होते हुये मोहना चौक, एन0 एच0 57 तक पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, मधुबनी के अधीन है, जिसका चौड़ाई 3.75 मीटर है ।

(2) स्वीकारात्मक।

(3) विषयांकित पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का प्राक्कलन वित्तीय वर्ष 2021-22 में RIDF-XXVII नाबार्ड योजना में शामिल करने हेतु विभागीय पत्रांक 3101 (एस) डब्लू0ई0, दिनांक 2 जुलाई, 2021 द्वारा प्रस्तावित है । इसकी प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त चौड़ीकरण कार्य कराने की कार्रवाई की जायेगी ।

--------

## नाला का निर्माण

*117. श्री अनिरुद्ध कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बोची पंचायत अन्तर्गत चरारनी वार्ड नम्बर 2, ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क में इसराफिल के घर से काउजवे मरिया धार तक नाला नहीं रहने के कारण वर्षा का पानी हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि के फसल को बर्बाद कर देती है एवं ग्रामीणों के घरों में पानी घुस जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थान पर नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*118. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत भरपुरा, खरीका एवं कसमर पंचायतों में पड़ने वाली रेलवे की निष्क्रिय बाँध वर्मा चौक से चौरसिया, खरीका होते हुये पहलेजा घाट मुख्य सड़क तक कच्ची रहने के कारण आमजनता के साथ-साथ दूर-दराज से श्रावणी एवं कार्तिक मेला में आये हुये श्रद्धालुगण को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण पूर्ण कराना

*119. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत पोठिया प्रखंड के खड़खड़ी घाट में डोंक नदी पर पुल नहीं रहने के कारण पोठिया प्रखंड के दर्जनों गाँव की बड़ी आबादी को जिला मुख्यालय एवं बाजार तक सम्पर्कता के लिये लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार खड़खड़ी घाट में डोंक नदी में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आहर-पईन का व्यापक जीर्णोद्धार

*120. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत नालन्दा जिला के सरमेरा प्रखंड के धनुकी पंचायत के धनुकी कोतरा, जहाँगीरपुर, आहर-पईन का व्यापक जीर्णोद्धार कार्य हेतु डी0पी0आर0 तैयार कर कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, प्रमंडल नालन्दा के पत्रांक 1434, दिनांक 30 मई, 2020 के द्वारा विभाग को भेज दिया गया था, किन्तु डी0पी0आर0 समर्पित किये हुये एक साल से ज्यादा होने के बावजूद अभीतक इसकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये जीर्णोद्धार कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आहर का जीर्णोद्धार

*121. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के हदहदवा पईन आहर का जीर्णोद्धार लगभग 35 वर्षों से नहीं हुआ है, जिसके कारण 9 पंचायतों के लोगों को सिंचाई से वंचित रहना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हदहदवा पईन आहर का जीर्णोद्धार कराते हुये उसके वितरणी कैनाल को भी उपयोगी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोखर का सौन्दर्यीकरण

*122. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला वैशाली के प्रखंड जन्दाहा अन्तर्गत ग्राम-अरनिया में समता कॉलेज के निकट 5 एकड़ का एक पुराना पोखर अवस्थित है, जो जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पोखर का सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*123. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलांतर्गत पोठीया प्रखण्ड के मिर्जापुर घाट में डोंक नदी पर पुल नहीं होने के कारण स्थानीय किसानों के कृषि उत्पाद को बाजार तक पहुँचाने हेतु लंबी दूरी तय करनी पड़ती है तथा प्रखण्ड मुख्यालय तक पहुँचने में लगभग 50 कि0मी0 की अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट में डोंक नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण

*124. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण इलाके में 9 टन मानक भार के सड़क बनाए जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कलेर प्रखण्ड के सोहसा, बेलॉव, बाथे एवं अरवल प्रखण्ड के अरवल दूना छपरा, पिपरा बंगला समेत सभी सोनतटीय इलाके से 50 से 100 टन बालू ढुलाई ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों से होता है, जिससे सड़क तुरंत जर्जर हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़कों को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर ज्यादा भार सहन करने योग्य सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गाँव को पंचायत में जोड़ना

*125. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रहमपुर प्रखंड के उम्मेदपुर ग्राम को नये पंचायत परिसीमन में हटाकर नदी के उस पार गहौना पंचायत से जोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत के नये परिसीमन से उम्मेदपुर ग्राम के 800 आबादी को पंचायत भवन जाने में नदी उस पार घुमकर 7-8 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि पूर्व में उम्मेदपुर पंचायत का गठन नदी इस पार के गाँवों को मिलाकर ही हुआ था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उम्मेदपुर गाँव को नदी इस पार के हरनाथपुर/महुआर पंचायत में जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कमला नहर पर पुल का निर्माण

*126. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत बासोपट्टी प्रखंड के कोरियानी, भैयापट्टी, दक्षिणवारी टोला का कमला नहर के उत्तर और दक्षिण तरफ में घनी आवादी में बसावट है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कमला नहर पर पुल नहीं होने से लोगों को आवागमन तथा छात्रों को विद्यालय आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है तथा बरसात के दिनों में यातायात अवरुद्ध हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त कमला नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध की मरम्मती

*127. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्राम-बेलहर एवं तुर्की में गंडक नदी पर बना सारण तटबंध में प्रत्येक वर्ष की भांति भयंकर कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध में बेलहर एवं तुर्की गाँव के पास मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*128. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत मांझा प्रखंड के ग्राम-जाफरटोला में सारण मुख्य नहर से निकलने वाली छपरा शाखा नहर ग्राम-आदमापुर, लोहजिरा, परशुरामपुर होते हुए छपरा की तरफ जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर में परशुराम बाजार के नजदीक जल-जमाव की समस्या से निजात हेतु एक साईफन का निर्माण कार्य वर्ष 2017 में शुरू किया गया था, जो आजतक अधूरा है जिसके कारण आस-पास के इलाकों में जल-जमाव रहता है एवं हजारों एकड़ में किसानों की धान की फसल बर्बाद हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त साईफन के निर्माण कार्य को पूरा कराने एवं विलंब के लिए दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*129. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड कोटवा के नवलोग चौक से गैरा होते हुए तुरकौलिया तक 7 कि0 मी0 की सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क दो प्रखंडों यथा कोटवा एवं तुरकौलिया के आवासित जनता के आवागमन एवं परिवहन का एकमात्र साधन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का पक्कीकरण

*130. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ विधान सभा स्थित जाहिदपुर-मनोहर (पुनपुन) नदी के किनारे जमींदारी बांध को ऊँचा करने के दौरान गाँव जाने वाली सम्पर्क पथ को मिट्टी से भर दिया गया है, जिस कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संपर्क सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण कराना

*131. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत लौरिया मुख्य पथ से बिजबनिया, कैथवलिया, लोहियरिया, पारस पकड़ी, राजघाट, सुगौली होते हुये बनसपती माई स्थान छपवा बहास तक P.W.D पथ का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण लोगों को यातायात में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पथ प्रमंडल बेतिया अन्तर्गत वर्तमान में लौरिया से सुगौली पथ जिसकी कुल लम्बाई 43.90 कि० मी० है, जो CMBD अन्तर्गत पथ संधारित है । पथ के चैनेज 0.00 से 14.700 (14.70 कि० मी०) Intermediate Lane है । पथ के चैनेज 14.70 से 43.900 (कुल लम्बाई 29.200 कि० मी०) Single Lane (3.75 मी०) है ।

संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर चौड़ीकरण कार्य का निर्णय लिया जायेगा ।

--------

सड़क का निर्माण

*132. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बौसी PWD पथ से अंगारी पथ तक सड़क की स्थिति काफी खराब है एवं वर्ष 2020 में इसका टेंडर हुआ था लेकिन बाद में एस्टीमेट रिवाइज करने के लिये विभाग से अनुरोध किया गया था एवं अनुरोध स्वीकारते हुये एस्टीमेट की राशि में 74% वृद्धि करते हुये सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के लिये अग्रतर कार्रवाई हेतु समर्पित किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि कि 2.2 किलोमीटर सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनता को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*133. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड के खड़तरी मध्य पंचायत के पटजीलवा ग्राम में लालबेगिया नदी के बांध पर स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण हजारों एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित रह जाता है तथा बाढ़ के समय पानी गांव में फैल जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सथान पर स्लूईस गेट निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*134. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल 1 एवं ग्रामीण कार्य प्रमंडल 2 में वित्तीय वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18, 2018-19 में संवेदकों के द्वारा फर्जी माइनिंग क्लियरेंस जमा किया गया है एवं फर्जी माइनिंग क्लियरेंस के आधार पर संवेदक को विभाग द्वारा काटी गई राशि लौटा दी गई है, जो वित्तीय अनियमितता का मामला है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसके लिये दोषी संवेदक एवं संलिप्त विभागीय पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों

--------

काउजवे का निर्माण

*135. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के चातर पंचायत के लहटोरा गांव में कोसी धार पर अवस्थित काउजवे क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थान में काउजवे का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*136. श्री हरि नारायण सिंह(क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत चांदी प्रखंड कार्यालय के भवन का निर्माण लगभग 35/40 वर्ष पूर्व में हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन पुराना होने के कारण जर्जर है तथा चहारदीवारी नहीं रहने के कारण परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड कार्यालय चंडी के जर्जर भवन को तोड़कर नया भवन के साथ चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध जमीन के अनुरूप ही एलायनमेंट निर्धारित करना

*137. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया प्रखंड के लाला छपरा चौक से रामजानकी पथ का जो एलायनमेंट निर्धारित किया गया है, वह मुख्य सड़क पर जमीन रहते हुये भी बसावट के बीच से कर दिया गया है, जिसके कारण 50 घरों के लोग बेघर हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मुख्य सड़क पर उपलब्ध जमीन के अनुरूप ही एलायनमेंट निर्धारित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहरों एवं चैनलों की मरम्मती

*138. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के खगौल प्रमंडल के आर पी एवं एल पी चैनल-1 वालिदाद लॉक से महाबलीपुर लॉक तक पक्कीकरण (लाइनिंग) अथवा मरम्मत नहीं होने के कारण पानी किसानों के खेत में निचली छोर तक नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहरों के दोनों साइड के चैनलों की मरम्मती एवं पुनर्स्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क निर्माण

*139. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखण्ड अन्तर्गत निमियाडिह पथ से नया गाँव होते हुये उचईला सड़क की लम्बाई 01 कि०मी० है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे आने-जाने में कठिनाई होती है तथा आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर का जीर्णोद्धार

*140. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अन्तर्गत पौरा नहर से बेल्घा वितरणी निकलती है जो कई गाँवों के सिंचाई का साधन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त नहर (वितरणी) जर्जर स्थिति में रहने के कारण सिंचाई पूर्णत: बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वितरणी का बेल्घा गाँव तक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*141. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के विराटपुर पंचायत में सुरो रजक के निजी जमीन में मनरेगा के तहत 1,95,84.34 की राशि से पशु शेड का निर्माण वर्ष 2020-21 में कराना था, परंतु पी०ओ०, रोजगार सेवक ने मिलीभगत कर उक्त स्वीकृत राशि की निकासी कर योजना को अधर में लटका दिया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के सभी वार्डों में पशु शेड निर्माण में बरती गयी लापरवाही की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*142. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड में आरा-कोईलवर तटबंध से परानपुर ढाला होते हुये खरहाटार आरियों के बीच 03 किलोमीटर सड़क नहीं रहने के कारण ग्राम डुमरी, दुरासन,

दुबौली, सिंघनपुरा, एकौना इत्यादि को गंगा नदी घाट तक जाने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल बनाना

*143. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत अलौली प्रखंड में रामपुर पंचायत के गढ़घाट के पास पुल नहीं होने से आवागमन में काफी कठिनाई होती है तथा उक्त पुल बन जाने से चार पंचायतों को काफी लाभ होगा ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आर०सी०सी० पुल का निर्माण

*144. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हरिहरनाथ पहलेजा घाट पी०डब्लू०डी० पथ से सबलपुर हस्ती टोला की ओर जाने वाली सड़क में स्थित पुल जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर आ०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि सोनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हरिहरनाथ मंदिर से सबलपुर राहर दियारा सड़क भाया हस्ती टोला, कचहरी, पथ प्रमंडल, छपरा के अन्तर्गत है। प्रश्नगत पुलिया सबलपुर राहर दियारा के प्रथम कि०मी० में अवस्थित है ।

पुलिया संकीर्ण है तथा भारी वाहनों से पुलिया का पैरापेट क्षतिग्रस्त हो रहा है। बचाव कार्य एवं क्षतिग्रस्त पैरापेट का निर्माण संबंधित संवेदक से कराया जा रहा है।

वर्तमान पुलिया कई वर्ष पूर्व का निर्मित है तथा वर्तमान में वाटर-वे कम रहने के फलस्वरूप पाइप कलवर्ट के स्थान पर बॉक्स पुलिया के निर्माण हेतु अध्ययन किया जा रहा है।

-------------

निकास का जीर्णोद्धार

*145. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के चड़रहिया पंचायत अन्तर्गत सेवराहाँ मन से निकास लमया पुल तक जाम है जिससे हजारों एकड़ जमीन, सैकड़ों गाँव जल-जमाव से प्रभावित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निकास का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*146. श्री अरूण कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-183 कुम्हरार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के कुम्हरार विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नम्बर 44, कंकड़बाग, रोड नम्बर 2 से केन्द्रीय विद्यालय तक एवं वार्ड नम्बर 46 अन्तर्गत भूतनाथ रोड स्थित अमरनाथ मंदिर से एन0 एच0 30 तक की सड़कों का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग द्वारा जनवरी, 2020 में ही नगर विकास विभाग से कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त वर्णित सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित सड़कों के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि वर्णित पथ का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना सं0 प्र0-11/पथ अधि0-02-02/2017-15 (एस), के द्वारा किया गया है । कंकड़बाग रोड नम्बर 2 से केन्द्रीय विद्यालय तक पथ की लम्बाई 0.665 किलो मीटर है एवं भूतनाथ रोड स्थित अमरनाथ मंदिर से एन0एच0 30 तक पथ की लम्बाई 0.65 किलो मीटर है ।

(2) अस्वीकारात्मक । वर्तमान में उक्त वर्णित पथों पर यातायात सुचारूपूर्वक चल रहा है ।

(3) उक्त वर्णित पथों के निर्माण की योजना को संसाधन की उपलब्धता के आधार पर कार्य योजना में शामिल करने पर विचार किया जायेगा ।

--------

पुल निर्माण कार्य करना

*147. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के मढिया चौक से निकट बछराजा नदी पर नाबार्ड पोषित योजना के पुल निर्माण कार्य संजय कंस्ट्रक्शन कम्पनी, संवेदक के द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी प्राक्कलित राशि 2,45,72,815 तथा 50.50 मीटर में पुल की लम्बांई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल का निर्माण कार्य 21 फरवरी, 2021 तक पूरा करना था, परंतु आजतक पुल का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि बासोपट्टी से खजौली जाने वाली यह एकमात्र सड़क है तथा पुल निर्माण नहीं होने से बड़ी आबादी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल निर्माण में विलम्ब के लिये दोषी संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारी पर कार्रवाई करने तथा पुल निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*148. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मधेपुरा प्रखंड अन्तर्गत NH 106, तुरकही मोड़ (मधुबन) से तुरकही शर्मा टोला तक जानेवाली 2.575 किलो मीटर सड़क के निर्माण अवधि समाप्ति के उपरान्त भी निर्माण कार्य अपूर्ण है तथा आवागमन हेतु पूर्व से निर्मित ईंट सोलिंग सड़क का ईंट संवेदक द्वारा बेच दिया गया है, जिससे उक्त मार्ग पर यातायात अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषी पर कार्रवाई करते हुये वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर का उड़ाही

*149. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत कोसवन से बाघमारा स्लूईस गेट तक बनी नहर को लोगों ने भरकर खेत बना लिया है, जिससे स्लूईस गेट से पानी जाना बंद हो गया, फलत: मनसाही प्रखंड के भेड़मारा, बलवा, मनिहारी प्रखंड के बौलिया और महेशपुर गाँव वालों के सैकड़ों किसान की हजारों एकड़ भूमि के पानी का निकास बंद हो जाने से समय पर फसल की बुआई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर का पुनरुद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों.?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*150. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड के शोभा विगहा, नवावगंज पथ में भेलुआ विगहा से दाहा घाट तक सड़क का निर्माण नहीं होने से 20 से 25 हजार की आबादी को 20 किलो मीटर की अधिक दूरी तय कर बिहारशरीफ, जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण के साथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर0 सी0 सी0 पुल निर्माण

*151. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मोतीहारी के पत्रांक 19/2020, दिनांक 31 मार्च, 2020 द्वारा मुख्य अभियंता 3 को ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढाका के लाला टोला लौखन से बलुआ के बीच सिजुआ नाला पर एवं बखरी खजूरी से बरहरवा सिसहनी रोड के बीच आर0 सी0 सी0 पुल निर्माण का DDR, चेक लिस्ट समर्पित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पुल का निर्माण अबतक नहीं होने से 12 पंचायतों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा सड़क निर्माण में लगी राशि का उद्देश्य पूर्ण नहीं होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोनों आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

रास्ता बनाना

*152. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत पुपरी बाजार जनकपुर रोड रेलवे स्टेशन से प्रखंड नानपुर ग्राम-जानीपुर बदीउज्जमा खाँ पॉलटेक्निक कॉलेज तक जाने वाली सड़क का जुड़ाव सड़क के मध्य पड़ने वाली मात्र 90 मीटर निजी जमीन के कारण नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से लगभग 4 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से कॉलेज तक जाने की सुविधा के लिए कराया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 90 मीटर में निजी जमीन मालिक द्वारा सड़क अवरूद्ध कर देने से कॉलेज तक जाने का रास्ता बंद है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त निजी जमीन का अधिग्रहण करते हुए रास्ता का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण कराना

*153. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला के सिकटा विधान सभा क्षेत्र के नरकटियागंज प्रखंड के तीन पंचायत, सोमगढ़, भभटा, बरवा बरौली के गाँव सिकटा विधान सभा क्षेत्र के मुख्य भाग के गांवों के आमने-सामने है, जिसके बीच में कर्ताहां नदी है, जिसपर पुल के अभाव में एक दूसरे से जुड़ने के लिए 10 कि0मी0 घूम कर आना-जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मैनाटाड प्रखंड के भड़भड़वा और नरकटियागंज के फुलवरिया के बीच कोर्ताहां नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*154. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के पोरा रामदैली पंचायत के डुमरा निसहारा पीच सड़क से पोरामजार तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पईन का जीर्णोद्धार

*155. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ0 जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड के हरदिया पंचायत अन्तर्गत पूर्वी चंवर के हरदिया पंचायत सरकार भवन से पश्चिम चंवर होते हुए धनौती नदी से जोड़नेवाली पईन पर पुल ध्वस्त और जाम है, जिससे हजारों एकड़ में जल-जमाव होने से फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## छिलका का निर्माण

*156. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखंड के असनाहा पंचायत के माधोपुर गाँव में अग्राजोर के पास छिलका नहीं होने के कारण लगभग सौ एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित रह जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त छिलका का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

*157. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत जीरादेई प्रखण्ड के रेपुरा से गगौली गांवों को जोड़नेवाली सड़क जो सोना नदी पार करती है, जिसमें पुल नहीं होने के कारण दोनों गाँवों के लोगों को आने-जाने में बड़ी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गांवों को जोड़ने वाली सड़क के बीच पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## नाला का निर्माण

*158. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग के दरभंगा कार्य प्रमंडल अंतर्गत वर्ष 2010 में दरभंगा शहर के एल0 एन0 मिश्रा पथ में सी0 एम0 आर्ट कॉलेज के निकट से मिलान चौक नाका नं0 5 दोनार चौक होते हुए दोनार रेलवे गुमटी तक एवं भटियारी सराय से दिग्घी पश्चिम होते हुए शास्त्री चौक तक की सड़क का अधिग्रहण नगर निगम से पथ निर्माण विभाग में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के अंशभाग में सी0 एम0 आर्ट कॉलेज के निकट से मिलान चौक नाका नं0 5 तक एवं भटियारी सराय से दिग्घी पश्चिम होते हुए शास्त्री चौक तक की सड़क पर अभीतक कोई कार्य नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित सड़क एवं नाले का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पुल का निर्माण

*159. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 जून, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''काको के कोठिया में 19 साल में भी पुल की नहीं हुई ढलाई'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत काको प्रखंड के कोठिया में नाला पर पुल ढलाई कार्य 19 वर्षों से नहीं हुआ है उसके दोनों तरफ सड़क है, एक तरफ स्कूल है जिसमें दोनों तरफ के कई गांव के बच्चे पढ़ने आते हैं, साथ ही स्कूल में मतदान केंद्र रहता है, जिसमें दोनों तरफ के कई गांव टोलों के मतदाता मतदान करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के ग्रामीण श्रमदान से उक्त नाला पर बांस-फट्टी रखकर आने-जाने का साधन बनाते है, जिससे दुर्घटना होने की आशंका व्याप्त रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार क्या उक्त स्थल पर पुल का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती एवं निर्माण

*160. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखंड के फुलबस्ती स्कूल एम० एम० जी० एस० वाई० सड़क से हरिजन टोला तक की सड़क कच्ची है एवं बाढ़ के दौरान दो जगहों पर पथ का कटाव हो गया है, साथ ही महिनगांव मडुआटोली चौक से खगरा देवरी तक जाने वाली पथ के आधे भाग का कटाव 2017 के बाढ़ में हो गया है जिसके कारण आमजनों को आने-जाने में परेशानी होती है ?

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों की मरम्मती एवं निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*161. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रुन्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रुन्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत मानीकचौक पश्चिमी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय पाठक टोला से चिकहां तक कच्ची सड़क है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पुल निर्माण कराना

*162. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियां प्रखंड के धर्मवन योगा टोला एकहरी के बीच त्रिशूला नदी पर पुल नहीं रहने के कारण चार पंचायतों के गामीणों एवं आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओवरब्रिज का जीरोमाईल बनाना

*163. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर में ओवरब्रिज का जीरोमाईल नहीं बना है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार बरियारपुर में बने ओवरब्रिज का जीरोमाईल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि बरियारपुर राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 80 के कि० मी० 86 एवं राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 333 के कि० मी० 0.00 (जीरोमाईल) का संधि स्थल (Junction Point) है ।

राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 80 के मुंगेर (कि० मी० 70.15) से सुलतानगंज होते हुये भागलपुर (कि० मी० 121.025) तक का 10 मी० चौड़ा कंक्रीट पथ निर्माण का निविदा प्रक्रियाधीन है जिसमें राष्ट्रीय उच्च पथ सं०-80 एवं राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 333 के Junction Point का उन्नयन कार्य भी शामिल है । निविदा निष्पादन के पश्चात् उक्त संधि स्थल (Junction Point) का उन्नयन कार्य करा लिया जायेगा ।

--------

उप-वितरणी का पक्कीकरण

*164. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड स्थित सारण गंडक नहर से निकली रामपुर उप-वितरणी के पक्कीकरण हेतु विभाग द्वारा दिनांक 29 जनवरी, 2015 को कमला दित्य कन्सट्रक्सन से एकरारनामा किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि एकरारनामा के नियमानुसार उक्त कार्य 2017 में पूर्ण हो जाना था, परन्तु कमला दिव्य कन्सट्रक्सन एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के शिथिलता के कारण रामपुर उप-वितरणी का पक्कीकरण कार्य अभीतक अपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराते हुये वर्णित उप-वितरणी के पक्कीकरण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*165. <u>श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखण्ड के देव कुण्ड मंदिर से बेला गाँव के पुनपुन नदी तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथांश एस०एच० 68 के अन्तर्गत हथियारा मोड़ से देवकुण्ड तक कुल 3.350 कि०मी० पथ का जीर्णोद्धार एवं रख-रखाव का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही इस कार्य को सम्पन्न कराया जायेगा।

-------------

सड़क का निर्माण

*166. <u>श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ०जा०))</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अकबरपुर दुर्गावती नदी तक के खण्ड (रोहतास-अधौरा पथ) का निर्माण कार्य वर्ष 2017-18 से प्रक्रियाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अकबरपुर से दुर्गावती नदी तक सड़क निर्माण हेतु अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, बिहार द्वारा अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल को पथ प्रमंडल डेहरी-ऑन-सोन के माध्यम से सशर्त अनुमति पत्रांक 33/12-1145 'ई', दिनांक 12 अक्टूबर, 2018 के माध्यम से प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग प्रेषित की गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इतने लंबे समय के बाद भी विभाग ने वन विभाग के अनुरूप डी०पी०आर० नहीं बनाया, जिसके चलते उक्त सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ के निर्माण हेतु प्रस्ताव वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के अन्तर्गत पथ सम्पर्कता योजना (RCPLWEA) में भारत सरकार को भेजा गया है।

-------------

पुल निर्माण करना

*167. <u>श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत निर्मित सड़क जो चैना गाँव से देवरी टोला भाया विश्वास नगर तक जाती है, इस पथ के बैसा धार में तथा कोल्हा से कोल्हा पूरब-टोला पथ में कोल्हा के निकट उच्चस्तरीय पुल नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डायवर्सन बनाना

*168. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर पीरो में बचरी के पास बड़ी नहर पर बना पुल विगत छः माह से क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पुल से रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिसके कारण दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का नवनिर्माण कबतक कराने तथा तत्काल डायवर्सन बनाकर यातायात को सुचारू रूप से जारी रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पथ के अत्यंत विशेष महत्व के कारण क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण कार्य का निविदा के माध्यम से संवेदक का चयन करते हुये डायवर्सन निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। पुल निर्माण कार्य नवम्बर, 2021 तक पूर्ण कर लेने का लक्ष्य है ।

------------

गुणवत्तायुक्त कार्य कराना

*169. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा अंचल के ग्रामीण क्षेत्र कुम्हरा, विशनपुर पंचायत एवं अन्य पंचायती ग्रामीण क्षेत्रों की सड़के गुणवत्ता विहीन कार्यों के कारण निर्धारित समय से पूर्व जर्जर हो जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण सड़कों के किनारे को प्राक्कलन के अनुरूप मिट्टी से नहीं भरने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है और सड़कें भी जल्द टूट जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुमरा अंचल के ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*170. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियाँ (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियां प्रखण्ड के वधिनी पंचायत एवं कुदरा प्रखण्ड के मेउड़ा पंचायत में पंचायत सरकार भवन नहीं रहने के कारण उक्त पंचायत के आमजनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का निर्माण

*171. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत मिर्जाभाग बेलवा (एन0एच0 327इ) से मजगामा तक पथ नहीं रहने के कारण ग्रामीणों एवं किसानों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 5.104 लम्बाई वाले इस पथ में एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित अस्पताल प्राथमिक विद्यालय कोल टोला, मदरसा तालिम उचकुरान, प्राथमिक विद्यालय, घाटा टोला, मध्य विद्यालय टापू टोला, कन्या उच्च विद्यालय, रहिका टोला में कुल मिलाकर 4000 छात्र/छात्राएँ अध्ययनरत है एवं छात्रावास में निवास करते है, साथ ही कुल 38000 आबादी वाल कृषि प्रधान क्षेत्र है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि वर्णित पथांश की मरम्मती हेतु IRQP कार्य का तकनीकी अनुमोदन की स्वीकृति प्रदान की गयी है । प्रशासनिक अनुमोदनोपरान्त अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

यह पथ कुछ समय पूर्व ही पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया गया है ।

--------

पुल निर्माण कराना

*172. ई0 शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड रामगढ़वा के बंगरी नदी पर योगवलिया घाट के नजदीक उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल क्षतिग्रस्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*173. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया, नवादा रोड, एन0एच0 82, पुनावा से सेलवे होते हुये भिण्डसचरण्डी रोड (एस0एच0), धुसरी घाट तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क जर्जर है एवं पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण के मापदंड को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित कर उसका निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव निरोधक कार्य करना

*174. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड से होकर मरहा नदी (अधवाड़ा समूह) गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी साल जुलाई महीने के प्रथम सप्ताह में भीषण बाढ़ आने के कारण मरहा नदी बाया एवं इन्दरवा-परसा के बीच तेज कटाव करते हुये बड़े भू-भाग को क्षति पहुँचा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बाया एवं इन्दरवा-परसा में नदी की धारा दूसरे तरफ मुड़ने से कई पंचायत को क्षति पहुँची है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाया एवं इन्दरवा-परसा के बीच कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पुल निर्माण कराना

*175. श्री नरेन्द्र नारायण यादव (क्षेत्र संख्या-70 आलमनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड आलमनगर के अधीन ग्राम पंचायत बसनवाड़ा के अधीन बतुल्लवासा से चकाराभी बासा, लक्ष्मीपुर बासा होते हुये पुरैनी बासा तक जाने वाली पथ का निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण सम्पर्क योजना के तहत कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुरैनी बासा के निकट बसनवाड़ा धार ड्रेनेज में पुल नहीं रहने के कारण इस पथ की सम्पर्कता पुरैनी बासा से नहीं हो पायेगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुरैनी बासा को सम्पर्कता देने हेतु बसनवाड़ा धार ड्रेनेज एवं उच्चस्तरीय 5 स्पेन के पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*176. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड कोटवा में कोटवा पंचायत के कझिया टोला और पोखरा पंचायत के दीपक अनुसूचित जाति टोला के बीच समौती नदी पर अंग्रेज के जमाने में निर्मित पुल पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है, जिस कारण उक्त क्षेत्रों में आवासित आमजनों का आवागमन बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का पक्कीकरण

*177. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट विधान सभा क्षेत्र के उचका गाँव रघुपटी मुख्य सड़क से ग्राम-खुटवनिया मुख्य मार्ग तक जाने वाली पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क बरसात के समय कीचड़मय हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क बनाना

*178. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत जन्दाहा प्रखंड के अरनिया पंचायत में समता कॉलेज से बैजनाथ राय (अरनिया) के घर तक 1 किलो मीटर की सड़क जर्जर है, जिससे आमजनता को आने-जाने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पथ का चौड़ीकरण कराना

*179. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के धैलाद प्रखण्ड अंतर्गत अतरंधा चौक से चिन्नी होते हुए सुपौल जिला सीमा को जोड़ने वाली 08 कि0 मी0 सड़क क्षतिग्रस्त है, जिससे यातायात अवरूद्ध है, जिसके कारण उक्त मार्ग से प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य का भुगतान

*180. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के निजगेहुआ 2 में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण लिमिटेड, पटना के पत्रांक-223, दिनांक 7 मार्च, 2019 के आदेश से निविदा सूचना-99/बीएस13सीसीएल/18-19 के द्वारा जाहिद ग्राम+पो0-चिरह थाना-महलगाव, अररिया द्वारा कराया गया है जिसमें उप-स्वास्थ्य केन्द्र का रूफ लेबल पूरा कराने के बाद दिनांक 15 जून, 2019 को अंचलाधिकारी, जलालगढ़, पूर्णियाँ द्वारा कार्य बंद करा दिया गया है लेकिन कराये गये कार्य का भुगतान नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा दिनांक 28 जून, 2019, दिनांक 25 जुलाई, 2019 एवं 13 सितम्बर, 2019 को शेष कार्य कराने एवं किये गये कार्य का भुगतान हेतु मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण लिमिटेड, पटना को पत्र लिखा गया लेकिन आजतक कार्रवाई नहीं हुई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कराये गये कार्य का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण कराना

*181. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत फारबिसगंज प्रखंड के अमराहा पंचायत में परमान नदी के समकौल घाट पर तथा रमैय पंचायत के दहरा घाट पर दोनों तरफ से निर्मित सड़क के बीच पुल नहीं है जिससे दोनों पंचायत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय तथा बाजार आने-जाने में अधिक दूरी तय कर जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार फारबिसगंज प्रखंड के उक्त दोनों घाटों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*182. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सड़क सम्पर्क योजना के तहत ग्रामों को मुख्य सड़क से जोड़ने का प्रावधान किया गया है, परन्तु बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बिक्रम प्रखण्ड स्थित पंचायत-बराह के ग्राम-महेन्द्रनगर से महेन्द्रनगर टोला तक सम्पर्क सड़क निर्माण नहीं होने से आमजन के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित उक्त सम्पर्क सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*183. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड के हरिहरपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो रहा था, जो प्लींथ स्तर तक कराकर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे सरकारी कार्य बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अधूरा पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूर्ण कराकर पंचायत को सौंपने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*184. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के अररिया बस्ती पंचायत के वार्ड नं0-11 में वजीर के घर से हाजी आफाक के घर होते हुए रामरैय घाट, जोकीहाट प्रखण्ड सीमा तक सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के दिनों में लोगों को दलदल, कीचड़मय सड़क से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ता है, जबकि वर्णित पथ अररिया प्रखण्ड को जोकीहाट प्रखण्ड से जोड़ती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चैनल का निर्माण कराना

*185. ई0 शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड सुगौली के बगही पंचायत में श्रीखण्डी गाँव में तिलावे नदी पर वर्षों से निर्मित स्लूईस गेट से श्रीखण्डी ग्राम के किसानों को पटवन का लाभ नहीं मिला पाने से कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर चैनल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल निर्माण कराना

*186. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत तेतरिया प्रखण्ड के तेतरिया से कोहिया जाने वाली सड़क के कोठिया मन में अवस्थित जर्जर स्क्रू पाईल पुल हर वर्ष बाढ़ के दिनों में पूर्णतः पानी में डूब जाता है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई होती है एवं जान-माल की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर स्क्रू पाईल पुल के जगह नया R.C.C. उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर की उड़ाही करना

*187. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड अगिआँव के नारायणपुर से डीहरा गांव होते हुए कुर्मीचक तक नहर की उड़ाही नहीं होने के कारण हजारों किसानों के लिए सिंचाई का संकट उत्पन्न हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर की उड़ाही कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पुल-पुलिया बनाना

*188. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के छिलकौरी पंचायत के अहफाक रहमानी डेरा से खोन रही पोखडा तक जाने वाली कच्ची सड़क की लम्बाई 02 कि० मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ कच्ची रहने के कारण चार पंचायतों की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनाने के साथ-साथ यथा स्थल पर पुल-पुलिया बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*189. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया से कुर्साकांटा जाने वाली पी० डब्लू० डी० सड़क मे बोची पंचायत के चरारनी वार्ड नं० 03 में सेराज के घर से जिलेबी चौक, मरिया धार तक नाला नहीं रहने के कारण सड़क पर पानी का जमाव रहता है, जिससे पानी लोगों के घर में घुस जाता है, जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थान में नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथांश में जल की निकासी हेतु 325 मी० लम्बाई में नाला निर्माण पर विचार किया जा रहा है ।

--------

पथ का निर्माण

*190. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौडाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखंड के गियारी से गनौनी तक सड़क अत्यन्त जर्जर है, जिसके कारण जन-समुदाय को आवागमन में काफी कठिनाइयाँ होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ दो प्रखंडों गौड़ाबौराम एवं बिरौल को जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*191. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराँव ब्रांच कैनाल के 31 किलो मीटर से 65 किलो मीटर के बीच निकलने वाली वितरणियों में पुल, फॉल तथा आउटलेट जर्जर होने के कारण स्थानीय किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है ;

Optimized by www.ImageOptimizer.net

(2) क्या यह बात सही है कि ज्यादातर किसान इसी ब्रांच कैनाल की सिंचाई व्यवस्था पर निर्भर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल, फॉल तथा आउटलेट के जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तालाब का जीर्णोद्धार

*192. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ० ज० जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखंड के पंचायत सिकन्दरपुर के गोलहट्टी गांव में दिग्घी के पास सरकारी तालाब है तथा तालाब के चारों ओर सरकारी भू-खंड है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जल-जीवन-हरियाली योजना से उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*193. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड के जामों से मिर्जापुर तक की सड़क एवं लकड़ी नवीगंज प्रखंड के डुमरा के सिकरिया तक की सड़क जो पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर है, जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*194. डॉ० रामानन्द यादव (क्षेत्र संख्या-185 फतुहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखंड के पंचायत-रूकुनपुर के ग्राम-रूकुनपुर एवं पटना सदर प्रखंड के पंचायत-सोनावा के ग्राम-हीरानन्दपुर में पुनपुन नदी पर पुल निर्माण हेतु अनुशंसा की गई थी साथ ही विगत चार वर्षों से उक्त पुल के निर्माण हेतु ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम में 14 करोड़ राशि जमा की जा चुकी है, लेकिन अभीतक पुल का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, जबकि पुनपुन नदी के दोनों किनारों पर पथ बना हुआ है एवं Span बराबर हैं और दोनों गांव में पुल निर्माण हेतु जमीन भी उपलब्ध है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फतुहा प्रखंड के ग्राम-रूकुनपुर एवं पटना सदर प्रखंड के ग्राम-हीरानन्दपुर में पुनपुन नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*195. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर प्रखंड के मुजफ्फरपुर मेन रोड वाइर से जगदीश द्वारा बालिका उच्च विद्यालय होते हुये सब्जी मंडी तक की सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नदी गाद की सफाई

*196. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत चंडी प्रखण्ड में मुहाने नदी एवं नगरनौसा प्रखण्ड में डोर नदी है जिसमें गाद के कारण पानी का बहाव ठीक से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, मुहाने नदी एवं डोर नदी के गाद की सफाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ की मरम्मती

*197. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में सिंगारमोहनी से परमानपुर 4.1 कि०मी० पथ की मरम्मती एवं संधारण का कार्य करने हेतु संवेदक मेसर्स सत्यमेव जयते को कन्सट्रक्सन, महलगाँव से दिसम्बर, 2018 में 62.20 लाख रुपये का एकरारनामा किया गया था, लेकिन आज तक पथ की मरम्मती एवं संधारण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसके लिये दोषी संवेदक एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये पथ की मरम्मती एवं संधारण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गाईड बाँध का निर्माण

*198. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड बगहा-1 में मसान नदी से हर वर्ष झारम हुयी रायबाटी महुअवा, सिसवो बसंतपुर, डंगलिशिया, मझौवा सहित दर्जनों गाँव में बाढ़ आ जाती है, जिससे हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि में लगा फसल बर्बाद हो जाता है, साथ ही ग्रामीण सड़क भी क्षतिग्रस्त हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों को मसान नदी के बाढ़ से बचाने हेतु रायबारी महुअवा से डूमरा तक गाईड बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण कराना

*199. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत दलसिंहसराय मालती पथ 18 किलोमीटर लम्बी तथा मात्र 10 फीट चौड़ी सड़क है, साथ ही फ्लैंक भी कच्ची है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कंठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रशनगत पथ दलसिंहसराय-कैदराबाद-मालती पथ का पथांश है। बेगूसराय पथ प्रमंडल अन्तर्गत पथ की कुल लम्बाई 30.00 कि०मी० है । पथ के 7वें कि०मी० से 25वें कि०मी० अर्थात 18.00 कि०मी० में 16.5 कि०मी० की चौड़ाई 3.05 मी० है तथा 1.5 कि०मी० की चौड़ाई 5.5 मी० है। पथ OPRMC-II PKG-12B के अन्तर्गत संधारित है। संसाधन की उपलब्धता पर शेष भाग का चौड़ीकरण का प्रस्ताव विचाराणीय होगा।

कार्रवाई करना

*200. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण मुरारी द्वारा 15वें वित्त आयोग की राशि स्थानांतरण के पश्चात् बिना खाता में उपलब्ध राशि के ही करोड़ों रुपये का चेक विन्देशवरी प्रसाद, राजस्व कर्मचारी के नाम से दिनांक 26 अप्रील, 2021 को निर्गत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृष्ण मुरारी ने विन्देशवरी प्रसाद को आरा अंचल से जिला उप-समाहर्ता, भोजपुर द्वारा जगदीशपुर अचंल में फरवरी 2021 में प्रतिनियुक्त कराये हैं, जबकि विन्देशवरी प्रसाद 25 वर्षों से आरा अंचल में पदस्थापित थे एवं श्री मुरारी द्वारा 28 पंचायत समितियों में मात्र 13 पंचायत समितियों को अपने कार्यकाल में राशि आवंटित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं कर्मचारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अंचल भवन का निर्माण

*201. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत जमालपुर प्रखंड का गठन वर्ष 1952 में होने के बावजूद अबतक जमालपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय किराये के भवन में चल रहा है और अबतक जमालपुर प्रखंड, अंचल भवन तथा इस प्रखंड के अधिकारियों/कर्मियों के लिये निवास हेतु भवन का निर्माण नहीं हो पाने से प्रखंड एवं अंचल के कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमालपुर प्रखंड एवं अंचल भवन का निर्माण सरकारी मानक के अनुरूप कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आश्रय भवन-सह-पशु शेड निर्माण

*202. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बंजरिया प्रखंड के पचरूखा मध्य एवं जनेरवा पंचायत में बाढ़ आश्रय भवन एवं मवेशी शेड का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में प्रत्येक वर्ष सीमावर्ती देश नेपाल से वर्षात के समय भयंकर बाढ़ आने के चलते आमलोगों को अपने-अपने घरों को छोड़कर अपनी जान-माल की सुरक्षा हेतु जानवरों के साथ उच्च स्थानों पर खुले आसमान के नीचे शरण लेना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में ऊँचे स्थानों पर भूमि चिन्हित कर बाढ़ से बचाव हेतु बाढ़ आश्रय भवन निर्माण के साथ-साथ पशु शेड निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

कार्रवाई करना

*203. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत सभी पंचायतों में 1 करोड़ 22 लाख की लागत से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा दिये गये गाइड लाइन के अनुसार पंचायत मुख्यालय या राजस्व ग्राम में ही पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कराया जाना है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बांका द्वारा सरकार के द्वारा दिये गये गाइड लाइन एवं अन्य नियमों की अनदेखी करते हुए पंचायत सरकार भवन को नियम विरुद्ध अन्यत्र निर्माण कराने का आदेश दिया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत सरकार भवन के निर्माण स्थलों की जांच कराकर नियम के प्रतिकूल कार्य करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए निर्माण स्थल अन्यत्र स्थानांतरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का चौड़ीकरण कराना

*204. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा मुवारकपुर 10 फीट चौड़ी सड़क की लम्बाई 6 किलो मीटर है, जो तेघरा रेलवे गुमटी से मेहदौली, तेयाय, अतरूआ होते हुए हनुमान चौक तक जाती है, साथ ही इसमें बनवारीपुर बाजार में सड़क पर जल-जमाव रहने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं तो ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित तेघरा, मुवारकपुर पथ दलसिंहसराय-कैदराबाद-मालती पथ के 21.00 कि0मी0 में मिलती है। यह पथ की कुल लम्बाई 6.70 कि0मी0 एवं चौड़ाई 3.05 मी0 है, तो OPRMC PKG-12B के अन्तर्गत संधारित है। बनवारीपुर बाजार के पथ के 6ठे कि0मी0 में दोनों ओर घनी आबादी होने के कारण 200 मी0 में जल-जमाव वाले पथांश OPRMC के MI से PQC सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। आवागमन चालू है।

संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर पथ चौड़ीकरण का प्रस्ताव विचारणीय होगा ।

---

मिट्टी की सफाई

*205. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिले के उत्तरी कोयल नहर के मुख्य शाखा से 277 आर0डी0 उमगा गाँव तक पानी आता है, परंतु सिरौंधा पुल 304 आर0डी0 से आगे तक मिट्टी की सफाई नहीं होने के चलते पानी नहीं पहुँच पाता है, जिससे गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के कई गाँव के किसानों को पटवन की सुविधा से वंचित होना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मिट्टी की सफाई कराते हुए उत्तरी कोयल नहर में पानी पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

नियमित बैठक कराना

*206. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर) --क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों में सदस्यों एवं कर्मचारियों की बैठक नहीं होने से ग्राम पंचायत का कार्य बाधित रहता है, जिससे योजना का लाभ आमलोगों को नहीं मिल पा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पंचायत भवनों में सदस्यों एवं कर्मचारियों की नियमित बैठक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जांच कराना

*207. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के विराटपुर पंचायत के वार्ड नं0 12 में मनरेगा के तहत सिकन्दर रजक के निजी जमीन में पशु शेड के निर्माण हेतु एक लाख पंचानवे हजार पाँच सौ अड्तालीस रुपये दिनांक 5 मार्च, 2021 को स्वीकृत हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिना शेड का निर्माण किये राशि की निकासी पी0ओ0, रोजगार सेवक एवं संवेदक की मिलीभगत से कर ली गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त कार्यों में बरती गई लापरवाही की जांच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का मरम्मतीकरण

*208. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के चोरहर घाट से भवनपुरा गांव तक जाने वाली सड़क मरम्मती के अभाव में जर्जर हो गयी है, जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*209. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गया-चेरकी-शेरघाटी रोड में दरियापुर से गुरूआ रोड तक की सड़क संर्कीण (कम चौड़ाई) रहने के कारण प्रतिदिन आवागमन में जाम की समस्या के साथ-साथ बरसात के दिनों में वाहनों की दुर्घटना होती रहती है, साथ ही उक्त सड़क पर बाबा बैजूधाम का पर्यटक स्थल होने के कारण पर्यटकों का काफी आना-जाना लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संर्कीण सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथांश पथ प्रमंडल, शेरघाटी के अन्तर्गत गुरूआ से चेरकी भाया बैजूधाम पथ है। इस पथ की चौड़ाई 3.75 मी0 है। इस पथ पर आवागमन सुचारू रूप से हो रहा है। पथ पर यातायात घनत्व के अनुसार पथ के चौड़ीकरण का प्रस्ताव संसाधनों की उपलब्धता के आलोक में किया जायेगा ।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का निर्माण

*210. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत शेरघाटी प्रखंड में सोनडीहा से सैयपुर झारखंड बॉर्डर तक सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*211. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत NH 28 मेहसी से भुतहा पोखरा होते हुये बलुआ बाजार शिव मंदिर तक की सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*212. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रोह प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा 15वीं वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत (पंचायत समिति) टायड और अनटायड योजना में वर्ष 2020-2021 एवं पंचम वित्त आयोग योजना (पंचायत समिति) में एक प्रखंड समन्वयक को अभिकर्ता बनाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायती राज विभाग के पत्रांक 3503, दिनांक 13 जून, 2013 में संविदा कर्मी को किसी भी क्रियान्वयन समिति में अभिकर्ता नहीं बनाने का उल्लेख है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये नियमानुसार अभिकर्ता का चयन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का मरम्मतीकरण

*213. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के ध्रुवगंज दुर्गा स्थान पीडब्लयूडी सड़क से अम्भो एन० एच०-31 होते हुये महादलित टोला बैरिया राही जाने के लिये सड़क बिल्कुल ही गड्ढा में तब्दील हो गया हे जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मतीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी करना

*214. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के भोगाकरियात पंचायत में भटगाँव संथाल टोला के समीप हसनगंज उप-वितरणी के बायें ओर हजारों एकड़ जमीन पर बारहों मास जल-जमाव रहने के कारण खेती नहीं हो पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान तीन तरफ से पक्की सड़क एवं एक तरफ हसनगंज उप-वितरणी के बाँध से घिरा रहने तथा जल निकासी के लिये मात्र 2 फीट डाया (मोटा) का सिंगल भेण्ट (निकास) रहने के कारण जल निकासी नहीं हो पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के भोगाकरियात पंचायत के किसानों के हित में उक्त जल-जमाव वाले स्थान पर बड़ा साईफन का निर्माण कराकर जल निकासी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

स्लूईस गेट का निर्माण

*215. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूति प्रखंड अन्तर्गत चोरा टभका पंचायत के रोटगन्ना, बलुआही पुल से बन्हैती देवीलाल पुल के बीच बैंती नदी में स्लूईस गेट नहीं होने के कारण कतराही चौड़, रोटगन्ना, सैदपुर, बन्हैती में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आहर एवं तालाब की खुदाई करना

*216. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अतरी विधान सभा क्षेत्र में तत्कालीन भूतपूर्व विधायिका के द्वारा पत्रांक 21, दिनांक 18 जुलाई, 2019 एवं मुख्यमंत्री सचिवालय का पत्रांक 5540949 दिनांक 31 जुलाई, 2019 के द्वारा आहर, पोखर, पईन एवं तालाब की खुदाई एवं सफाई के लिये कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतरी विधान सभा क्षेत्र पहाड़ी इलाका होने के कारण वर्षा के मौसम में पानी पड़ने पर पहाड़ का पानी का ठहराव नहीं होता है और किसानों का धान का फसल हर वर्ष पानी के अभाव में सुख जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आहर, पोखर, पईन एवं तालाब की खुदाई एंव सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*217. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड के पंचायत रूस्तमपुर में भरत चौक से कहरटोली तक लगभग 1.5 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2018 में शुरू की गयी थी, परंतु संवेदक एवं पदाधिकारियों की मिलीभगत से पथ का निर्माण कार्य पूर्ण किये बगैर पिछले दो वर्ष से बंद है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कार्य में कोताही बरतने वाले पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करते हुये उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*218. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड अन्तर्गत फतेहपुर पंचायत के एन० एच०-28 से प्रो० अजीत कुमार मेहता, पूर्व सांसद के घर तक जाने वाली सड़क जर्जर है जिससे आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी कैनाल बनाना

*219. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के अमरपुर प्रखंड अन्तर्गत रानी किता गाँव के ऊपर नया चेक के पास एक चेक डैम बनाकर स्टोर पानी को कैनाल द्वारा शाहपुर प्रखंड (जिला-भागलपुर) की ओर लाकर सिंचाई की व्यवस्था की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस योजना को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

नया पुल का निर्माण

*220. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या- 38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के अधीन खजुरी से दलदल जानेवाली सड़क मटकोरवा के निकट क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नया पुल के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के बाद आई०डी० संख्या 100107, दिनांक 28 सितम्बर, 2020 के माध्यम से निविदा की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नया पुल के निर्माण हेतु निविदा हुये लगभग 10 माह बीत जाने के बाद भी पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जबकि 2018 में पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण दलदल ग्राम की 10 हजार की आबादी द्वारा नया पुल की माँग लगातार की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खजुरी से दलदल जानेवाली सड़क में मटकोरवा के निकट क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नया पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पुनर्निर्माण

*221. श्री महबुब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के आवादपुर-धरमपुर की एक मात्र सड़क जो आवादपुर थाना उच्च विद्यालय, मदरसा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को जोड़नेवाली आवादपुर, सोनापुर, धरमपुर, सोहार होते हुये हरनारोई गाँव के चैतावली तक जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महत्वपूर्ण सड़क वर्ष 2016 की बाढ़ में बिल्कुल ध्वस्त हो गयी है जिसका पुनर्निर्माण नहीं कराये जाने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*222. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा के कादिरगंज एस०एच० 82 से जमुई के खैरा तक के पथ का निर्माण कार्य विभाग द्वारा मार्च, 2021 तक पूर्ण किया जाना था, परंतु कार्य अधूरा रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि SH-82 परियोजना का कार्य मार्च, 2021 तक पूरा कर लिया जाना था, परन्तु कोविड-19 1st Wave एवं 2nd Wave के कारण SH-82 परियोजना के कार्य की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है एवं इस परियोजना का कार्य मार्च, 2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

इस पथ के पैकेज सं० 7 बादडीह-खैरा खण्ड (कि०मी० 54 से 75.1 कि०मी०) कुल 21.1 कि०मी० की स्थिति अच्छी रहने तथा पथ के दोनों ओर काफी संख्या में पेड़ रहने के कारण इस पथांश के कार्य को संवेदक के कार्य से Descope (हटा) कर दिया गया है। मात्र इस पथांश को दो स्थानों पर पुल का निर्माण किया जा रहा है।

-------------

भवन का निर्माण

*223. श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्ड सह-अंचल कार्यालय का प्रशासनिक भवन जर्जर होने के कारण सरकारी कार्य को संपादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बिस्फी प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय का अत्याधुनिक एवं सभी सुविधायुक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का नवनिर्माण

*224. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के जमुई-सिंकदरा मुख्य मार्ग से डुंडो ग्राम होते हुये खैरा-सिकंदरा मुख्य मार्ग तक खरसारी मेन कैनाल का सर्विस पथ जर्जर स्थिति में है, जिससे डुंडो, बरियारपुर, मुस्हरी, नरवदा, पीरा, खरहुयी इत्यादि गाँवों के आमजनों का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जमुई-सिंकदरा मुख्य मार्ग से डुंडो ग्राम होते हुये खैरा-सिकंदरा मुख्य मार्ग तक खरसारी मेन कैनाल का सर्विस पथ का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का जीर्णोद्धार

*225. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखण्ड ओबरा में एन०एच० 139 से बेल पौधू रोड तक जाने वाली सड़क में 01 कि०मी० चपरी, अदरी नदी तक कि सड़क बहुत ही जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चपरी, अदरी नदी के बीच के पुल का लेबल डाउन होने के साथ-साथ जर्जर भी है, जिसके कारण वहां के आमजनों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं पुल का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि प्रासंगिक पथांश को आवागमन योग्य किया गया है। स्थानीय आवश्यकता के कारण योजना के इस पथांश में PQC पथ एवं नाली का प्रावधान कर पुनरीक्षित प्राक्कलन स्वीकृति उपरान्त नाला एवं पथांश का निर्माण कराया जायेगा।

(2) एवं (3) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। प्रश्नगत पुल के निर्माण की योजना विभाग के विचाराधीन है।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

खाड़ी की सफाई

*226. श्री अवध बिहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सीवान सदर प्रखंड के अंगौता से धनौती टोला कुकर भुक्ता से मकरियार सोना नदी तक एवं पकड़ी से बंगरा सियाड़ी होते हुए औराई से सबल हाता तक खाड़ी की सफाई एवं बांध की मरम्मती नहीं हुई है. यदि हाँ, तो सरकार उक्त खाड़ी की सफाई एवं बांध की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*227. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या 1548, दिनांक 25 फरवरी, 2020 के आलोक में 6 माह पूर्व नगर विकास विभाग ने दरभंगा शहर की गाँधी चौक से केदीराबाद पी0डब्लू0डी0 पथ तक एवं डब्लू0 आई0टी0 रोड पी0डब्लू0डी0 पथ सहित कुल 15 मुख्य सड़कें जो 20 फीट और उससे ज्यादा चौड़ी थी, पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग ने अभीतक उक्त सड़कों का अधिग्रहण नहीं किया है, जिसके कारण जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा नगर निगम के उक्त 15 सड़कों का अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*228. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के दनसार पंचायत के संथाली चौक से पूरब कोसीधार में दादर घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने से पूर्णियाँ एवं अररिया जिला मुख्यालय में आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी कराना

*229. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव (क्षेत्र संख्या-90 मीनापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड अंतर्गत मुकसुदपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 के चारों तरफ सड़क होने के कारण वर्षा के पानी बढ़ने से 500 परिवारों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकर उक्त स्थान से कबतक जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*230. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड के खर्ग पोखरिया पंचायत के नुनियावा टोला एवं मझौलिया प्रखंड के डुमरी पंचायत के कोंहड़ा बिन टोली में आज के समय में भी जाने का मार्ग और पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नुनियावा टोला एवं बिन टोली में पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*231. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखण्ड के ग्राम-बरारी से फल्गु नदी के तट तक तथा फल्गु नदी में आर0सी0सी0 बड़ा पुल के साथ कोरथु गांव तक विगत बीस वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण आस-पास के 8000 से अधिक की आबादी को प्रखण्ड मुख्यालय-सह-जिला मुख्यालय से बरसात के दिनों में संपर्क कट जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पुल सहित कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल निर्माण कराना

*232. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत सदर प्रखण्ड के ग्राम-ढेंकडीह तथा रतनपुर यूको बैंक घाट के बीच गढ़वा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास उपलब्ध करवाना

*233. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिओ टैंगिग के माध्यम से सूची तैयार करना था, लेकिन अभीतक इस सूची को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सूची का फाइनल प्रकाशन नहीं होने के कारण रोहतास जिलान्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति का 2018 से ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाना बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिओ टैंगिग की अंतिम सूची तैयार करते हुए एससी/एसटी को आवास उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

बाढ़ की विभीषिका

*234. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ० जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के हँसा पंचायत के ग्राम लक्ष्मीपुर सेनानी टोला में दुलारदई नदी के बाढ़ का पानी प्रत्येक वर्ष परमानंदपुर पंचायत स्थित खोनमा घाट के पास से सेनानी टोला में प्रवेश कर जाता है, जिससे सेनानी टोला दो भाग में विभक्त हो जाता है और लोगों के घर-घर में बाढ़ का पानी जाने से जन-जीवन प्रभावित होता है और आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार सेनानी टोला को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी का उड़ाही कराना

*235. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत चाँदसराय से महनार के सीमा तक बाया बरसाती नदी का वर्षा से उड़ाही नहीं होने से पानी का बहाव नदी से न होकर खेतों से हो रहा है जिससे किसानों के खड़ी फसलों को काफी नुकासान हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाया नदी का संपूर्ण उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संपर्क पथ से जोड़ना

*236. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रहमपुर प्रखंड के उतरी नैनीजोर पंचायत के ग्राम ढाबी की आबादी 25000 है परंतु आजतक उक्त गाँव संपर्क पथ विहीन है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में संपर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण

*237. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी-परसौनी रेलवे पथ के बीच एलसी/56 रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण वर्षों से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण नहीं होने के कारण जिलावासियों को वर्षों से घोर संकट का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पत्रांक 180, 29 जनवरी, 2021 को मुख्य अभियंता, पूर्व मध्य रेलवे एवं प्रधान सचिव, पथ विभाग द्वारा द्वारा पत्रांक 11 दिनांक 21 जून, 2021 द्वारा रेलवे बोर्ड को शीघ्र निर्माण हेतु पत्र प्रेषित किये गये हैं ;

Optimized by www.ImageOptimizer.net

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक खंड (1) में वर्णित रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी सीतामढ़ी रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित LC No-56 के बदले ROB के निर्माण के संबंध में रेलवे बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली को अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण द्वारा पत्र लिखा गया है, जिसमें Combined Detailed Estimate के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया है ।

इस रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भारतीय रेल द्वारा किया जा रहा है ।

(4) रेलवे से आवश्यक स्वीकृति एवं Cost Sharing प्राप्त करने के लिये विभाग प्रयासरत है । प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त पहुँच पथ का निर्माण कार्य पथ निर्माण विभाग द्वारा कराया जा सकेगा ।

--------

सड़क का निर्माण

*238. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के धरहरा प्रखंड में हेमजापुर से महड़ना तक की सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त इलाके के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*239. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम प्रखंड अन्तर्गत अधलायर से पघारी तक की पथ जर्जर है, जिसके कारण जन-समुदाय को आवागमन में काफी कठिनाइयाँ होती हैं, जबकि उक्त पथ दो विधान सभा क्षेत्र के दो प्रखंडों को जोड़ती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल निर्माण कराना

*240. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिन्द प्रखंड के ग्राम पंचायत कथराही के ग्राम-बकरा एवं पटना जिला के ग्राम-मोगलानी के बीच गोइठवा नदी पर बना मोगलानी पुल की स्थिति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मोगलानी पुल के जर्जर होने के कारण दर्जनों गाँवों के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पुल की जगह पर नया पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पथ का निर्माण

*241. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में अमरातलाब, नहौना भाया बभनपुरवा पथ की लम्बाई 07 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2006-07 में नाबार्ड योजना अन्तर्गत प्रारम्भ किया गया था, परंतु अबतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं, जिसमें पानी भरा रहता है, जिससे आमजनता को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अमरातलाब, नहौना भाया बभनपुरवा पथ को नये सिरे से निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का जीर्णोद्धार

*242. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा के मटपा जमींदारी बाँध का जीर्णोद्धार कार्य कराने हेतु विभाग को पत्र के माध्यम से अनुरोध के बाद भी अबतक कार्य नहीं कराया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जमींदारी बाँध को जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*243. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत सन्हौला प्रखंड के भूड़िया से महियामा, पोठिया होते हनवारा (झारखंड) सीमा तक सड़क की चौड़ाई कम होने एवं वाहनों के अत्याधिक दवाब के कारण आये दिन जाम की स्थिति रहती है, जिससे आमजनता को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत सन्हौला हनवारा पथ (भूड़िया से महिगामा, पोठिया) की चौड़ाई 7.00 मी० है, जो पर्याप्त है, परन्तु रसलपुर गाँव में 250 मी० की लम्बाई में जमीन की अनुपलब्धता के कारण पथ की चौड़ाई 5.50 मी० है। इस पथांश में ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है।

रसलपुर गाँव में भू-अधिग्रहण किये बिना पथ का चौड़ीकरण करना संभव नहीं है। संसाधनों की समीक्षा कर इस भू-अर्जन पर निर्णय लिया जा सकता है।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*244. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत पंडौल प्रखंड के हरिपुर मेन रोड पचाढ़ीमोड़-सकरापुर जाने वाली सड़क जो एन०एच० 55 को जोड़ती है तथा भवानीपुर चंपा पर से हरिपुर पंडौल मेन रोड होते शिशवा तक (भाया धौंस) जाने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*245. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पताही प्रखण्ड अन्तर्गत बखरी पंचायत के चम्पापुर गाँव में गणेश दास के दरवाजे से बारी मेस्तर टोली तक कच्ची सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन निर्माण कराना

*246. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखण्ड कार्यालय का भवन नहीं रहने के कारण वर्तमान में सामुदायिक भवन में संचालित होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक भवन छोटा रहने के कारण जनहित के कार्य सम्पादन में पदाधिकारी-कर्मचारियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के कार्यालय हेतु जमीन उपलब्ध कराकर अत्याधुनिक सुविधायुक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*247. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत के सगुना गाँव में मदरसा से सगुना पुल तक सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों को अररिया प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय जाने का यह एक मात्र सड़क है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थान पर सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का चौड़ीकरण

*248. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला मुख्यालय में सदर अस्पताल चौक से चीनी मिल होते हुए सीवान जिला के बरहरिया तक जाने वाली विभागीय सड़क सारण, सीवान और गोपालगंज तीनों जिलों को जोड़ते हुए पटना तक जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बड़े-छोटे वाहनों को आवागमन में काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि गोपालगंज पथ प्रमंडल अन्तर्गत पथ की कुल लम्बाई 9.68 कि0मी0 है एवं चौड़ाई 3.75 मी0 है तथा OPRMC Phase-II Package-24B अन्तर्गत संधारित है।

(3) संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर चौड़ीकरण कार्य का निर्णय लिया जाएगा ।

---

दंडित करना

*249. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत हुलासगंज प्रखंड के नन्दन बिगहा गाँव में मनरेगा द्वारा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया गया है जबकि वहां न तो पूर्व से कोई आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है और न ही इसके लिए कोई सेविका, सहायिका की नियुक्ति हुई है जिस कारण इस अनुपयोगी भवन निर्माण की राशि का दुरूपयोग हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर सरकारी राशि का दुरूपयोग करनेवाले दोषी पदाधिकारियों को दंडित करने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मानदेय बढ़ाना

*250. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने ग्राम पंचायत में वार्ड सदस्य को मानदेय सहित नल-जल योजना की देख-रेख हेतु 5000 (पांच हजार) रु0 अनुरक्षक के रूप में देने का फैसला किया है, किन्तु महंगाई के कारण इतनी राशि में नल-जल योजना की देखभाल में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वार्ड सदस्यों के मानदेय राशि में बढ़ोतरी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

तटबंध बनाना

*251. श्री नरेन्द्र नारायण यादव (क्षेत्र संख्या-70 आलमनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड भौसा के अधीन ग्राम पंचायत फुलौत पूर्वी एवं फुलौत पश्चिम मुख्य कोसी नदी के किनारे आधा किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ एवं वर्षा के दिनों में दोनों ग्राम पंचायत के आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है तथा पूरे गाँव को कोसी नदी के कटाव का खतरा बना हुआ रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन0एच0 106 फुलौत चौक से दक्षिण होकर दोनों फुलौत के दक्षिणी किनारे होते हुए पश्चिम किनारे होकर गाँव के उत्तरी किनारे होते हुए पुनः एन0 एच0 106 फुलौत तक सुरक्षा तटबंध बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*252. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के भटचौड़ा पंचायत के भटचौड़ा गांव से पूरब की ओर कमला नहर तक जाने वाली सड़क की स्थिति जर्जर हो जाने के कारण सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है, साथ ही आये दिन दुर्घटना होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पुनर्निर्माण कराना

*253. श्री मनोज मंज़िल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखण्ड स्थित बराढ-इंग्लिश पथ काफी जर्जर स्थिति में रहने के कारण आये दिन इस पथ पर लोग दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पुल निर्माण करना

*254. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित शेखपुरा-सदापुर पथ में बांधढलान के निकट तथा मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से निर्मित कदवा से हरिजन टोला भाया शिवगंज बिंदा बारी पथ में शिवगंज के निकट पुल नहीं है, जिसके कारण बरसात के समय आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ड्रेनेज एवं पी० सी० सी० सड़क निर्माण

*255. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ प्रमंडल मोतीहारी/ढाका अंतर्गत मोतीहारी ढाका बेलवाघाट पथ एवं ढाका फुलवारिया पथ में ढाका रामचंद्रा, चेनपुर ढाका सहित 6 स्थान पर ड्रेनेज नहीं होने के कारण सड़क पर पानी लगने से सड़क गड्ढा में तब्दील हो गई है तथा आये दिन दुर्घटना होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मोतीहारी ढाका बेलवाघाट पथ एवं ढाका फुलवारिया पथ के सभी 6 जल-जमाव वाले भाग में ड्रेनेज कार्य एवं पी० सी० सी० सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) एवं (2) आंशिक स्वीकारात्मक । OPRMC-II पैकेज सं० 2B के तहत पथ संधारित है । कतिपय बसावट एवं बाजार अंशों में पूर्व से निर्मित Brick Drains के माध्यम से जल निकासी की समस्या को देखते हुये OPRMC-II पैकेज में समाहित Provisional Sum के Contingency मद से कतिपय स्थानों पर आवश्यकतानुसार RCC नाला एवं PCC सड़क निर्माण की स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है ।

--------

कार्रवाई करना

*256. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पथ प्रमंडल बेनीपुर, दरभंगा के मनीगाछी ब्रहमपूरा मोड़ से बहुअरवा चौक तक (5 Km) जाने वाली सड़क में प्राक्कलन के अनुसार सीमेंट एवं स्टील आदि का प्रयोग नहीं होने के कारण P.C.C सड़क टूट रहे हैं और पुल जर्जर हो रही है जबकि सड़क का निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हो सका हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क एवं पुलों के निर्माण की उच्चस्तरीय जाँच कराकर संबंधित पदाधिकारी तथा संवेदक पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

प्रभारी मंत्री--(1) एवं (2) अस्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पथ मनीगाछी-ब्रह्मपुरा मोड़ से बहुअरवा चौक तक दरभंगा जिलान्तर्गत पथ प्रमंडल बेनीपुर के अन्तर्गत है । जिसकी लम्बाई 5.5 कि० मी० है । पथ चौड़ीकरण का कार्य प्रगति में है जिसके अन्तर्गत 2.030 कि० मी० लम्बाई में कंक्रीट सड़क एवं 11 अदद् RCC Culvert का निर्माण किया गया है । शेष भाग में कालीकृत सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है जिसे वर्षान्त के उपरान्त पूर्ण कर लिया जायेगा ।

सम्पन्न कंक्रीट सड़क की गुणवत्ता की जाँच दिनांक 13 जुलाई, 2021 को विभागीय उड़नदस्ता से कराई गयी है । विशिष्ट जाँच के फलाफल के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

--------

पुल निर्माण करना

*257. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड के सुग्गा एवं बभैन ग्राम के बीच चंद्रभागा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयां होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*258. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर भागलपुर पथ पर चंपा नाला पुल बनने के कारण चंपा नाला के पश्चिम और सड़क के उत्तर पड़ने वाले ग्रामीणों के आवागमन हेतु पूर्व से उपलब्ध पथ बंद हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों तरफ के निवासियों को आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु यहां पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पक्की सड़क बनाना

*259. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सिकरौल पंचायत के बिक्रमपुर इंग्लिश गाँव आजतक संपर्क पथ से नहीं जुड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव पक्की सड़क से नहीं जुड़ने के कारण ग्रामीण आबादी को पंचायत मुख्यालय एवं स्वास्थ्य केन्द्र आवागमन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिक्रमपुर इंग्लिश गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

तटबंध का पक्कीकरण

*260. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अन्तर्गत बागमती नदी के जनार से बलुआ दायां तटबंध एवं कटौझा से खरका बायां तटबंध से दस पंचायतों के आमलोगों का रास्ता है किंतु बांध पर सड़क निर्माण का कार्य नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों तटबंधों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल निर्माण कराना

*261. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव (क्षेत्र संख्या-90 मीनापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड अन्तर्गत तुर्की पूर्वी पंचायत के हथियावर गाँव में पुरानी बागमती नदी में पुल नहीं रहने के कारण प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*262. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट विधान सभा क्षेत्र के पंचायत उचका गाँव, ग्राम खुटवनिया चौबे विद्यालय से बगउच मैरवा पथ वती टोला तक जाने वाली पथ जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल निर्माण कराना

*263. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रमशीला सेतु के समानांतर गंगा नदी पर पुल बनाये जाने से संबंधित टेंडर भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में विगत छह माह से निर्णय हेतु लंबित है जिसके कारण कार्य आरंभ नहीं हो रहा है, साथ ही बिहार के पूर्वी क्षेत्र की जनता को घंटों जाम का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार विक्रमशीला सेतु के समानांतर पुल के टेंडर को फाइनल कर निर्माण प्रारंभ कराने हेतु केन्द्र सरकार से पहल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पुल के निर्माण कार्य की स्वीकृति भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक 12014/6/2020/BR/Z-1 दिनांक 17 जुलाई, 2020 द्वारा 11 अरब 10 करोड़ 23 लाख के लिये प्रदत्त है। पुल निर्माण हेतु निविदा भी भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा आमंत्रित कर न्यूनतम दरदाता M/s L & T. Chennai को LOA दिनांक 25 मार्च, 2021 को निर्गत एवं एकरारनामा दिनांक 11 जून, 2021 को कर लिया गया है। पुल निर्माण हेतु आवश्यक Pre Construction activities प्रगति पर है तथा Forest Clearance, IWAI NOC, Wildlife Sanctuary Clearance, Land acquisition, Environmental clearance इत्यादि कार्य प्रगति पर है। अनापत्ति प्राप्त होते ही इस वर्ष में निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का लक्ष्य रखा गया है ।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

मलवा निकालना

*264. डॉ० रामानन्द यादव (क्षेत्र संख्या-185 फतुहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड के पंचायत क़नौजी कछुआरा के ग्राम शेखपुरा में बादशाही पईन बड़ी पुल के उत्तर पश्चिम लिंक पथ पर बहुत पहले बने ग्रामीण कार्य विभाग का पुल, सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2019 में उड़ाही के क्रम में टूट गया तथा उक्त पुल के कंक्रीट मलवे को बादशाही पईन में वहीं पर छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बादशाही पईन के उड़ाही हेतु 2 बार टेंडर के बाद उड़ाही का काम किये जाने के बावजूद उक्त मलवा को अभी तक नहीं निकाला गया है, जिसके कारण बरसात के दिनों में बादशाही पईन से पानी की निकासी में अवरोध होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बादशाही पईन के उक्त पुल के टूटे हुये मलवे को निकालने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राजबाहों की सफाई करना

*265. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखण्ड अन्तर्गत केसठ-1, केसठ-2 एवं केसठ-3 राजबाहा की सफाई नहीं होने के कारण आस-पास के खेतों की सिंचाई नहीं हो पाती है, जबकि इन राजबाहा से हजारों एकड़ खेत की सिंचाई होती थी, किन्तु सफाई नहीं होने के कारण ससमय खेत में पानी नहीं पहुंच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त राजबाहों की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना कार्यान्वित करना

*266. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सोन उच्च स्तरीय नहर प्रणाली के बेनीपुर उप-वितरणी का कार्य हेतु 1967 में भू-अर्जन हुआ है तथा भू-धारियों द्वारा 2004 में मुआवजा राशि की माँग की गयी परंतु भू-अर्जन का पैसा भू-धारियों को नहीं मिला है, जिसके कारण योजना का कार्य 32 आर०डी० के आगे बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2021 तक भू-धारियों के जमीन का मुआवजा नहीं मिलने एवं योजना का कार्य बंद रहने से संडा, निभवाँ एवं नदौरा पंचायत के हजारों एकड़ जमीन सिंचाई सुविधा से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भू-धारियों को जमीन का मुआवजा उपलब्ध कराकर योजना को कार्यान्वित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

किसानों को मुआवजा

*267. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर विधान सभा क्षेत्र के चांदन तथा उसकी सहायक नदियों में तटबंध बनाने हेतु इलाके के किसानों की जमीन 5 वर्ष पूर्व अधिग्रहित की गयी है, लेकिन आजतक किसानों को एम०वी०आर० के अनुरूप मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एम०वी०आर० के अनुरूप किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का निर्माण

*268. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सहार प्रखण्ड कार्यालय एवं सहार थाना को जोड़ने वाली सड़क तथा अवगिला से सहार थाना होते हुए बस स्टैण्ड तक की सड़क जर्जर है जिसके कारण हमेशा राहगीरों और वहां रहने वाली आबादी को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण कराना

*269. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत फारबिसगंज प्रखंड के पोठिया पंचायत के वार्ड सं0 08 महादलित टोला वट वृक्ष से घुमगढ़ पोठिया के हनुमान मंदिर चौक से गुमटी पार कर कृषि फार्म एसएच सड़क तक की सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के कच्ची रहने के कारण ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाई होती है तथा इस पर हमेशा दुर्घटना घटती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार फारबिसगंज प्रखंड के उक्त कच्ची पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल निर्माण कराना

*270. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नासरीगंज प्रखंडान्तर्गत आरा मुख्य नहर में नासरीगंज (धुस) लॉक के पास का पुल क्षतिग्रस्त है, जिससे अरवल से बिहटा और डिहरी से पटना आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नासरीगंज (धुस) से नोखा पीडब्लयूडी पथ उसी क्षतिग्रस्त पुल से गुजरता है किन्तु पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बंद है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस पुल का टेंडर वर्ष 2019 में होने के बावजूद अभीतक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है तथा निविदा अवधि भी जून, 2021 में समाप्त हो चुकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व के टेंडर को रद्द कर नए सिरे से टेंडर करा कर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*271. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के पीरपैंती विधान सभा अंतर्गत पीरपैंती डोमनिया चौक से बाबूपुर भाया बाखरपुर सड़क ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरण के बाद नए सिरे से बन रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभियंता-प्रमुख-सह-अपर-आयुक्त का पत्रांक-2020-21/06/2020-

Optimized by www.ImageOptimizer.net

5473, दिनांक 4 अगस्त, 2020 के क्रमांक 70 के अनुसार उक्त सड़क की कार्य योजना लगभग 42 करोड़ रुपये की बनी थी, जिसका निर्माण वर्तमान में पूर्व से तैयार कार्य योजना मद में कटौती के साथ लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि से किया जा रहा है, जिससे बाढ़ प्रभावित दियारा में ना तो ऊंची सड़क बन पाएगी और ना ही जरूरत के हिसाब से पुलियों का निर्माण हो पाएगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस सड़क को उसके वास्तविक कार्य योजना के साथ कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि पथ अधिग्रहण के उपरान्त पथ की स्थिति को देखते हुए उक्त पथ का मतबूतीकरण का प्राक्कलन, जिसकी राशि 15 करोड़ थी, को कार्य योजना में शामिल करते हुए प्राथमिकता के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में कार्य प्रगति में है। इस प्राक्कलन में आवश्यकतानुसार पुलियों का प्रावधान शामिल है।

(3) एकरारनामा के अनुसार कार्य 22 मई, 2022 तक पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में जिस एकरारनामा के तहत कार्य कराया जा रहा है, इसमें कार्य की समाप्ति एवं त्रुटि दायित्व अवधि 3 वर्ष है। भविष्य में आवश्यकता होने तथा यातायात घनत्व के आधार पर चौड़ीकरण के आवश्यकता की समीक्षा की जायेगी ।

---

सड़क का निर्माण

*272. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ शहर के बीच लाइफ लाइन 36 फीट चौड़ी सड़क एन0 एच0 सिक्स लेन गुलाबबाग तिवारी कोल्ड स्टोर से एनएच 31 बाइपास (जी0 पोखर रोड) तक कच्ची रहने के कारण बरसात के दिनों में इस सड़क पर जल-जमाव रहता है जिससे आमजन को पैदल चलने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के उप-सचिव का पत्रांक 4927, दिनांक 17 सितम्बर, 2019 द्वारा सड़क का हस्तांतरण पथ निर्माण विभाग को करने हेतु अनुशंसा की गई थी परंतु अबतक पथ निर्माण विभाग द्वारा उक्त पथ का अधिग्रहण कर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर उसका निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

न्यूनतम दर की सीमा निर्धारण

*273. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि योजना मद, गैर-योजना मद एवं अन्य सभी मदों से कार्यों का कार्यान्वयन निविदा के माध्यम से होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदादाता के लिए दर निर्धारण की अधिकतम न्यूनतम दर की कोई सीमा निर्धारित नहीं है, जिसके कारण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधिकतम न्यूनतम दर की सीमा निर्धारण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

पंचायत सरकार भवन बनाना

*274. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के ग्राम पंचायत तेलाड़ी में पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिये पत्रांक 302, दिनांक 20 अगस्त, 2019 के माध्यम से अंचलाधिकारी द्वारा जमीन उपलब्ध कराकर पंचायती राज पदाधिकारी को सौंप दिया गया है जिसका खाता नं० 1609, प्लौट नं० 13649 एवं रकबा 50 डिसमील है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत तेलारी में पंचायत सरकार भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी का उड़ाहीकरण

*275. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के कारा से गंगा विगहा बांध तक प्रवाहित होने वाली बुढ नदी (नाला) गाद से भर गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*276. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत बड़हरिया प्रखंड के सियाड़ी से बंगरा होते हुये लकड़ी मुख्य पक्की सड़क तक एवं औराई से महुआरी होते हुये बलेथा कदम मोड़ मुख्य पक्की सड़क तक की सड़क विगत 6 वर्षों से जर्जर है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध बनाना

*277. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज प्रखंड अन्तर्गत दौला पंचायत में हर वर्ष नदी के तेज बहाव के कारण कई घर एवं सैंकड़ों हेक्टेयर खेती की जमीन नदी में विलीन हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर कटाव के कारण वर्तमान में किसान भूमिहीन और बेघर हो चुके हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कटाव स्थल पर नदी के किनारे स्थायी निदान हेतु तटबंध बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*278. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ० ज० जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार, प्राणपुर, रोशना एवं अमदाबाद पथ, पथ निर्माण विभाग की एक महत्वपूर्ण सड़क है जिससे कटिहार, प्राणपुर और रोशना को तो जोड़ दिया गया है, लेकिन अमदाबाद आज तक जोड़ा नहीं जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अमदाबाद को इस सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

प्रभारी मंत्री-- उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि कटिहार-प्राणपुर-रोशना हाट-अमदाबाद (KPRA) पथ, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल कटिहार के अधीन है । कटिहार के सिटी बुकिंग ऑफिस-महमूद चौक तक, प्राणपुर से प्राणपुर बाँध तक एवं लाभा चौक से रोशना हाट तक पथ का निर्माण कार्य पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, कटिहार द्वारा कराया गया है, जो OPRMC 21A के अन्तर्गत संधारित हो रहा है । वर्तमान में रोशना हाट से अमदाबाद तक बाँध पर पथ का निर्माण बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार के द्वारा कराया जा रहा है ।

जल संसाधन का पथ होने के कारण उनके द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजना के पूर्ण होने एवं DLP अवधि समाप्त होने के उपरान्त पथ अधिग्रहण पर विचार किया जायेगा ।

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*279. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के देकुली सिसौनी पथ में देकुली से शंकर रोहर चौक तक का पथ जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत देवकुली से सिसौनी पथ 21.57 कि० मी० लम्बाई का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश निर्गत है ।

दिनांक 11 जुलाई, 2020 को प्राप्त पुनर्निविदा का निविदा निष्पादन के क्रम में वित्तीय बीड प्रक्रियाधीन है । निविदा निष्पादन के उपरान्त शीघ्र कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ।

--------

पुल का निर्माण पूर्ण कराना

*280. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड मुख्यालय से जफराबाद पंचायत के 5-6 गाँवों को जोड़ने हेतु जफराबाद पंचायत में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा गंगा नदी के सोता पर पुल का निर्माण कार्य विगत 4 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, परंतु संवेदक एवं पदाधिकारियों की मिलीभगत से पुल का निर्माण कार्य अर्द्धनिर्मित हालत में पिछले दो वर्ष से बंद है, जिससे ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने-आने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कार्य में कोताही बरतने वाले पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करते हुये पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधी कार्य कराना

*281. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत सिकटा प्रखंड के मोगलहिया, सुदरगांवा, बीरईठ, कदमवा, सोनवर्षा आदि गाँवों का सिकरहना (बूढ़ी गंडक) नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उन गाँवों की सुरक्षा हेतु कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

मार्ग को जोड़ना

*282. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखण्ड के बभनौली पंचायत में बभनौली मौजे गाँव के दलित बस्ती में आने-जाने का सम्पर्क सड़क नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, दलित बस्ती को मैरवा-गुठनी मुख्य मार्ग से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्लूईस गेट का निर्माण

*283. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के गुणवंती पंचायत में शहीद विजय चौक से महादलित एवं आदिवासी टोला होते हुये स्व० रामशरण राय के कामत होकर रजवैली जानेवाली अरता सिधिंया बाँध-सह-पक्की सड़क में स्व० सतदेव मिश्र के खेत से पूरब पिंस पिनाकी रंजन के खेत से दक्षिण विनय कुमार के खेत से उत्तर दुलारदई नदी के बाढ़ के पानी से प्रत्येक साल लगभग 300 फीट बाँध टूट जाता है, जिससे हांसा, गिधवास और गुणवंती के ऊपरी भूमि में पानी के अभाव में तथा रजवैली, डरहाबीटा, दुर्गापुर, हरपुर, महसैली गाँवों के निचली भूमि में जल-जमाव से धान की खेती नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त कटाव स्थल पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*284 श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत विक्रम विधान सभा क्षेत्र के विक्रम प्रखंड में एन०एच० 139 से गोरखरी ग्राम होते हुये दतियाना एस०एच० तक की सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे स्थानीय लोगों एवं वाहनों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पक्कीकरण कराना

*285. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के गढ़ी विशनपुर एन०एच० 80 से किठल रेलवे स्टेशन तक तथा कजरा बसौनी पथ में पीड़ी बाजार से अभयपुर तक की पथ जर्जर है, जिसके कारण बरसात का पानी सड़क पर जमा रहता है तथा सड़क बड़े गड्ढे में तब्दील हो गया है और आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ की लम्बाई 2.00 कि०मी० है तथा चौड़ाई 5.50 मी० है। वर्तमान में उक्त पथ (Potless) गड्ढा रहित है तथा OPRMC-II के पैकेज 31A के अन्तर्गत संधारित है। पथांश में जल-जमाव की समस्या का निदान करने हेतु कंक्रीट पथ-एवं नाला निर्माण हेतु कार्रवाई की जा रही है।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

वितरणी की मरम्मती

*286. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया(अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनिया प्रखंड में दुर्गावती मुख्य नहर एवं वितरणी रख-रखाव के अभाव में विगत पाँच वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे उक्त क्षेत्र के किसानों को नहर का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नहर एवं वितरणी की मरम्मती कराने के साथ-साथ उड़ाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तटबंध का पक्कीकरण

*287 श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चम्पारण तटबंध के 66 किलोमीटर से 132.8 किलोमीटर तक सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण का प्रस्ताव विभाग को पिछले वर्ष भेजा गया था, परंतु अभी तक उसपर कोई निर्णय नहीं होने के कारण चंपारण तटबंध के उक्त अंश का सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त अंश का कबतक सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*288. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेरघाटी विधान सभा अन्तर्गत शेरघाटी एवं डोभी में प्रखंड कार्यालय को नव-निर्मित भवन में संचालित किया जा रहा है, परन्तु आमस प्रखंड में अबतक नया भवन का निर्माण नहीं होने से प्रखंड कार्यालय पुराने भवन में ही संचालित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पक्की नाला बनाना

*289. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला स्थित मौडवे डैम बहुत पुराना है और उससे निकलने वाला नाला कच्ची रहने के कारण सिंचाई अंतिम छोड़ तक नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नाला में गाद भर जाने के कारण किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त डैम से निकलने वाला नाला से सिंधौल, वरोर एवं कजरा तक पक्की नाला बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का निर्माण

*290. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा नगर परिषद् के नारायणपुर भोला घाट, धोबिया घाट, कैलाश नगर, काली घाट, शास्त्रीनगर, दीनदयाल नगर सहित शहर के अनेक वार्डों में गंडक नदी (नारायणी नदी) का पानी घुस जाने के कारण आम जन-जीवन प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी में कालीघाट से चम्पारण तटबंध तक बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सड़क का निर्माण

*291. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार विधान सभा क्षेत्र का परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड की सीमा 41 कि0मी0 नेपाल से जुड़ी हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नेपाल से सटे होने के कारण अधवाड़ा समुह की नदियों से प्रति वर्ष बाढ़ आने से ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कें बुरी तरह से टूट जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि परिहार प्रखंड के धामी टोल से कटैया भाया धरहरवा, सोनबरसा प्रखंड के सोनबरसा से रजवाड़ा एवं बसंतपुर से लालबन्दी भाया दलकावा पूरी तरह से टूटा हुआ है तथा ये सड़कें मेनटेनेन्स से भी बाहर है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*292. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखण्ड के मुरारपट्टी गांव में रामजनकी मंदिर (शहीद रमाशंकर पटेल स्मारक) के पास से शहीद रमाशंकर पटेल के घर तक जाने वाली सड़क कच्ची रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*293. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत प्रखण्ड हसपुरा, पंचायत डुमरा के डुमरा से गोवर्धन स्थान तक एवं हसपुरा बस स्टैंड से अमझर खरीफ होते डिंडिर, टनकुपी तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी करना

*294. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत गढ़पुरा प्रखंड में लगभग 5000 एकड़ जमीन में जल-जमाव के कारण कृषि कार्य बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण गरीब किसान खेती योग्य भूमि पर फसल की बुआई नहीं कर पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र से जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

राशि उपलब्ध कराना

*295. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए जमीन का पट्टा तथा निर्माण राशि देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला सदर प्रखंड के भालपट्टी पंचायत भालपट्टी के प्रमिला देवी तथा आरती देवी सहित अन्य भूमिहीन परिवारों को जमीन का पट्टा मिलने के बावजूद भवन निर्माण की राशि नहीं मिलने के कारण भवन निर्माण नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के पट्टाधारी भूमिहीन परिवारों को आवासीय भवन निर्माण की राशि कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

---

बेडवार निर्माण

*296. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत छौड़ादानों प्रखंड के जीतपुर पंचायत के ग्राम-विशनपुरवा एवं भवानीपुर में पसाह नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर नदी से कटाव को रोकने हेतु बेडवार निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ को पुनः चालू कराना

*297. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सं0 71 के अन्तर्गत बिहारीगंज प्रखंड-सह-अंचल के परिया पंचायत, वार्ड नं0 11 में राजकीय पथ संख्या 91 से वर्तमान मुखिया के घर तक लगभग 150 फीट लंबी सड़क में पंचायत मद के वर्ष 2012-13 में चतुर्थ वित्त आयोग से ईंट सोलिंग का कार्य कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ को वर्तमान मुखिया के घर के नजदीक कुछ ग्रामीणों द्वारा टीन का चदरा लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ को पुनः चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव कराना

*298. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय, छोरघट, मध्य विद्यालय, बंगाली टोला एवं हरिणमार पंचायत के काशी बाबा स्थान बाढ़ से कट रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुरक्षा दिवाल देकर कटाव से बचाव का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

कार्रवाई करना

*299. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर बारून पथ का निर्माण कार्य जून, 2021 तक पूरा करने का एकरारनामा निर्माण एजेंसी के द्वारा किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि समय पर कार्य पूरा नहीं होने के कारण सड़क निर्माण का लागत खर्च 35 करोड़ रुपये से बढ़कर 49 करोड़ रुपया हो गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क के निर्माण में घटिया कार्य होने एवं निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से क्षेत्र की जनता में असंतोष व्याप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्माण में सरकारी राजस्व की हानि और समय पर निर्माण नहीं कराने के लिये दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुरक्षा बांध तथा पुलिस का निर्माण

*300. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज प्रखंड के मंझली गाँव के पश्चिम गंगा के बाढ़ के कारण फसल की भारी क्षति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मंझली गांव के पश्चिम सुरक्षा बाँध (रिंग बाध)-सह-सिंचाई पुलिया के निर्माण कराने से फसल की सुरक्षा हो सकती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) में वर्णित स्थल पर सुरक्षा बांध-सह-पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*301. श्री अरूण कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-183 कुम्हरार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के कुम्हरार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं० 55 कुम्हरार कंकड़बाग मुख्य पथ से ट्रांसपोर्टनगर होते हुये एन० एच० 30 तथा वार्ड नं 32 कंकड़बाग रोड नं० 4 सॉंई नेत्रालय से आर० एम० एस० कॉलोनी होते हुये एन० एच० 30 तक की सड़कों का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग द्वारा जनवरी, 2020 में ही नगर विकास विभाग से कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित सड़कों के जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि वर्णित पथ का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना सं० प्र०-11 पथ अधि०-02-02/2017-15 (एस) के द्वारा किया गया है । कुम्हरार कंकड़बाग मुख्य पथ से ट्रांसपोर्टनगर होते हुये एन० एच० 30 तक पथ की लम्बाई 1.72 कि० मी० है एवं कंकड़बाग रोड नं० 4 के सॉंई नेत्रालय से आर० एम० एस० कॉलोनी होते हुये एन० एच० 30 तक पथ की लम्बाई 1.324 कि० मी० है ।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

(2) अस्वीकारात्मक । उक्त वर्णित पथों पर यातायात सुचारूपूर्वक चल रहा है ।

(3) उक्त वर्णित पथों के निर्माण की योजना को संसाधन की उपलब्धता के आधार पर कार्य योजना में शामिल करने पर विचार किया जायेगा ।

--------

सड़क का निर्माण

*302. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर पंचायत जानीपुर के ग्राम-जानीपुर से ग्राम कोयली मुख्य पी०डब्लू०डी० सड़क तक जाने वाली सड़क की लंबाई लगभग 01 कि० मी० एवं प्रखंड नानपुर के ग्राम-कोइली से ग्राम-वेंगहा तक जाने वाली सड़क की लंबाई लगभग 03 कि० मी० है, जो बिल्कुल जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी करना

*303. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ० जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के लगमा पंचायत के ब्रहमचारी गाँव में नहर का निर्माण कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर निर्माण की कार्य योजना सही नहीं रहने के कारण वहां के सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य उपजाऊ भूमि में हर वर्ष बरसात के समय जल-जमाव हो जाता है, जिससे सैकड़ों एकड़ जमीन का फसल एवं पेड़-पौधा बर्बाद हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन नहर के डिजाईन में आवश्यक सुधार करते हुये हर वर्ष वहां होने वाले जल-जमाव के निकासी का स्थाई इंतजाम कराने का का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*304. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के कोरिया चैक से शिव मंदिर तक 02 किलो मीटर सड़क को बांध के ऊपर है, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 28 जुलाई, 2021 (ई०)।

भूदेव राय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा।

बि०स०मु० 16 (एल०ए०), 2021-22 डी०टी०पी०-550

Optimized by www.ImageOptimizer.net